Pravara Rural Education Society's

Arts, Commerce and Science College, Satral

Tal. Rahuri, Dist. Ahmednagar- 413711

Affiliated to Savitribai Phule Pune University, Pune.

Self-Study Report: 2024 (3rd Cycle)

Criterion-3
Research, Innovations and Extension

Key Indicator: 3.3
Research Publications and Awards

Metric: 3.3.2.1 (QnM)

Number of books and chapters in edited volumes/books published and papers published in national/ international conference proceedings per teacher during last five.

Submitted to

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL BENGALURU

3.3.2.1 Number of books and chapters in edited volumes/books published and papers published in national/ international conference proceedings per teacher during last five.

Academic Year: 2018-19

Sr. No.	Name of the teacher	Title of the book/chapters published	Title of the paper	Title of the proceedings of the conference	Name of the conference	National / International	Calendar Year of publication	ISBN number of the proceeding	Page Number
1.	B. N. Navale	*Aam Jan Ki Sashakt Abhivykti ka manch hai Loksahitya*				National	2018	978-81-8390-277-9	05
2.	B. N. Navale	*Vartman Priprekshya main Vraddhajan Vimarsh*				National	2019	978-93-88522-41-0	12
3.	E. S. Nirmal		Media and Development of India	India ; Yesterday, I Today & Tomorrow	India ; Yesterday, Today & Tomorrow	National	2019	2348-7143	22
4.	A. N. Kedare		*Vigyapan Aur Hindi*	Current Global Reviewer Jansanchar madham Aur Hindi	Current Global Reviewer Jansanchar madham Aur Hindi	National	2019	2319-8648	29
5.	Sujata Lamkhede		*Internet Per Prakashit kavya me Bhavon ki Abhivyakti*	Current Global Reviewer Jansanchar madham Aur Hindi	Current Global Reviewer Jansanchar madham Aur Hindi	National	2019	2319-8648	38

6.	A. N. Kedare		*Tulnatmak Adhyayan ki Ruprekha*	RASHTRAVANI	RASHTRAVANI	National	2018	2319-6785	44
7.	R. S. Tambe		Effect Of Earthworms (Eudrilus Eugenae) On Decomposing Vermicast And Conversion of Goat & Sheep Manure	Scholarly research Journal For Interdisciplinary studies	Scholarly research Journal For Interdisciplinary studies	National	2018	2319-4766.	47
8.	L. H. Pandure		*Subalturn etihas lekhan pravah*	International Recognition multi - disciplinary research journal	International Recognition multi - disciplinary research journal	International	2018	2249-894X	50

Arts, Commerce & Science College ACSC SATRAL Tal. Rahuri, Dist. Ahmednagar

Principal
PRINCIPAL
Art's, Commerce & Science College
Satral, Tal.Rahuri, Dist. Ahmednagar.

Submitted to

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

BENGALURU

पुस्तक परिचय

हमारी संस्कृति के जड़ मजबूत इसीलिए है कि आज के वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रधान युग में भी हम अपनी परंपरा एवं लोक जीवन के विभिन्न पहलुओं को जीवित रखने के सतत् प्रयास में लगे रहते हैं। समय के थपेड़ों को सहते हुए हमारी लोक संस्कृति के कई तत्व अदृश्य हो गये हैं या मूल रूप से बिलकुल बदल गए हैं। हमारे गाँवों में आज भी लोक संस्कृति के अंश जिन्दा हैं। गाँवों से निर्वासित होकर शहरों में बसने वाली अधिकांश जनता भी अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए लोक जीवन की ओर ही झुकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि भारत जैसे विशाल देश में असंख्य लोक जीवन से जुड़ी हुई पहलू हैं। उन्हें सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है। यह कोई सरल कार्य भी नहीं है। लोक जीवन को समझने के लिए सम्बद्ध जनता के रहन-सहन, त्यौहार पर्व, कृषि या अन्य व्यवसाय, सुख-दुःख जैसी भावनाएँ आदि को अत्यंत बारीकी से देखना और अनुभव करना अनिवार्य है। लोक जीवन से जुड़ी हुई बातों को लोक साहित्य के अंतर्गत स्थान देते हुए उन्हें संकलित करना समय की माँग है। सरकार, विश्वविद्यालय, गैर सरकारी संस्थाएँ आदि को इस दिशा में कई कार्य करना है। तभी योजनाबद्ध ढंग से लोक जीवन से जुड़ी हुई बातों को दस्तावेज का रूप मिलेगा जो कि आगे की पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

अभिषेक प्रकाशन
प्रकाशक एवं वितरक
सी-30, द्वितीय तल, न्यू मोती नगर, नई दिल्ली-15
फोन : 011-65640278, मोबाईल : 09811167357
ई-मेल : abhishekprakashan@gmail.com

ISBN : 978-81-8390-277-9
9 788183 902779
मूल्य : ₹ 800/-

लोकसाहित्य समाज और लोकसंस्कृति डॉ. पंडित बन्ने

लोकसाहित्य
समाज और लोकसंस्कृति



डॉ. पंडित बन्ने

Scanned with OKEN Scanner

आम जन की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है– लोकसाहित्य

(शुभाशंसा स्वरूप)

लोकसाहित्य की संकल्पना अत्यंत व्यापक एवं विस्तृत परिलक्षित होती है। लोकसाहित्य का संवेदनात्मक पक्ष काफी सशक्त परिलक्षित होता है। लोकसाहित्य के 'प्राण तथा आत्मा' का स्रोत ग्रामीण परिवेश ही रहा है। जिसे दूसरे शब्दों में श्रमजीवी, मजदूर एवं अथक परिश्रमियों की संस्कृति कहा जा सकता है। भारतवर्ष में लोकसाहित्य अपने बहुआयामी परिदृश्य के साथ प्रस्तुत होता है। जिसे किसी निश्चित सीमा में बांधना मुश्किल है। विभिन्न प्रदेशों में लोकसाहित्य के असीम पहलू उजागर होते हैं। देश की अन्यान्य प्रादेशिक भाषाओं का भी अपना लोकसाहित्य कम-अधिक मात्रा में क्यों न हो, अवश्य प्रकाश में आया है। भले ही आरंभिक चरण में लोकसाहित्य मुद्रित रूप में अभिव्यक्त नहीं हो पाया हों, लेकिन वह फिल्मों तथा नाट्य मंडलियों के अवदान से व्यापक परिक्षेत्र में अपनी दस्तक दे चुका है। कहना न होगा कि लोकसाहित्य का विभिन्न भाषा-भाषी परिदृश्य निश्चित ही उल्लेखनीय रहा है। मराठी, हिंदी, कन्नड, तेलुगु, राजस्थानी, भोजपुरी, अवधि, बंगाली, गुजराती, हरियाणवी तथा मलयालम जैसी प्रादेशिक भाषाओं में लोकसाहित्य को व्यापक मंच मिला हुआ दिखाई देता है। लोकसाहित्य के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप में प्राप्त होने के कारण ही वह भारतीय संस्कृति की नींव के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहा है। यदि हम 'लोकसाहित्य' को भारतीय संस्कृति की रीढ़ कहेंगे तब भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। वैश्वीकरण की आबोहवा

Scanned with OKEN Scanner

के बावजूद भी भारतवर्ष का लोकसाहित्य उच्चतम कोटि का निर्वाह करता हुआ दिखाई देता है। कहना होगा कि वर्तमान विमर्शोन्मुख परिदृश्य की जड़ें तथा प्रतिबिंब लोकसाहित्य में मुखरित होता है।

'लोकसाहित्य' आम जन की अभिव्यक्ति का सशक्त एवं परिवर्तनोन्मुख मंच साबित हो रहा है। 'लोकसाहित्य' का महत्त्वपूर्ण पक्ष है कि लोकसाहित्य के कारण समाज के उस वर्ग को व्यापक अभिव्यक्ति मिली है जो सदियों से लेखन, वाचन तथा शिक्षा से वंचित दिखाई देता है। महाराष्ट्र के संतों की देन तथा ज्ञान साधना की जड़ें लोकसाहित्य में ही समाहित दृष्टिगोचर होती है। कबीर, नामदेव के साथ महाराष्ट्र के अधिकतर संतों ने अपने लोकसाहित्यिक मौखिक रूप के माध्यम से अपनी जिंदगी के स्वर्णीम क्षणों से वंचित जन को अंधविश्वास की खाई से बाहर निकालने के लिए हरदम प्रयास किया है। कहना उचित होगा कि लोकसाहित्य के माध्यम से ही आम जन के जीवन को व्यापक अभिव्यक्ति मिली है। ध्यातव्य बात यह कि हमारी प्रथाओं एवं परंपराओं के कारण भी लोकसाहित्य की रक्षा पर्याप्त मात्रा में हुई है। वस्तुतः लोकसाहित्य में विभिन्न निम्न स्तर के जाति धर्मों के लोगों के दैनिक जीवन की घटनाओं का संबंध रहता है। भारतवर्ष की नारी को लोकसाहित्य के कारण ही अनन्य साधारण महत्त्व मिला हुआ दिखाई देता है। कृषि संस्कृति तथा लोकसंस्कृति को व्यापक धरातल पर प्रस्तुत करने में लोकसाहित्य का योगदान महत्त्वपूर्ण परिलक्षित होता है।

लोकसाहित्य का शिक्षाविषयक पक्ष भी काफी सशक्त परिलक्षित होता है। लोकशिक्षा, नीतिशिक्षा, पारंपरिक लोकाविष्कार आदि को लोकसाहित्य के कारण पर्याप्त मात्रा में बढ़ावा मिला है। पारंपरिक लोकाविष्कार से लोकशिक्षा के साथ-साथ नीति शिक्षा का कार्य भी होता है। समाज में किस प्रकार का आचरण हो तथा उससे संबंधित संकेत और नियम आदमी को जानकारी का पता भी उससे होता है। लोकसाहित्य ने ही आरंभिक काल से आज तक स्त्री को महत्त्व दिया है। शिक्षा के स्तर पर आज भी लोकसाहित्य को पर्याप्त मान्यता नहीं मिल रही है।

प्रसन्नता की बात है कि प्रस्तुत कृति के लेखक डॉ. पंडित बन्ने ने अपनी आवश्यकता को केंद्र में न रखकर अपनी विषयगत रुचि, साहित्यिक प्रतिबद्धता एवं साहित्यिक माँग को केंद्र में रखकर इस कृति की रचना की है, जो हिंदी साहित्य ही नहीं, अपितु शोध अध्येताओं की दृष्टि से उपलब्धि सिद्ध होगी। डॉ. बन्ने का व्यक्तित्व उन नवलेखकों में महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है जिन्होंने अहिंदी भाषी ग्रामीण परिवेश में अपना अध्यापकीय दायित्व निभाते हुए अपनी शोधपरक एवं अनुसंधाता दृष्टि से हिंदी साहित्य को लगभग दर्जन से ज्यादा ग्रंथों तथा दो सौ से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोधालेखों के प्रकाशन से समृद्ध किया है। आज भी लोकसाहित्य के अध्येताओं, स्नातक तथा स्नातकोत्तर अध्येता तथा छात्रों को लोकसाहित्य विषयक सामग्री तथा संकल्पना से संबंधित जिज्ञासाओं की परितुष्टि हेतु गुगलदेव तथा ग्रंथालयों की खोजबीन करनी पड़ती है। छात्रों की दृष्टि से निश्चित ही यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी। वस्तुतः यह कृति डॉ. पंडित बन्ने के लोकसाहित्य के प्रति विशिष्ट रूझान तथा उनकी मौलिक एवं साहित्यिक शोधपरक दृष्टि का परिचायक है।

लोकसाहित्य से संबंधित अन्यान्य पहलुओं का उद्घाटन करना लेखक का महत्त्वपूर्ण उद्देश्य दिखाई देता है। अपने गहन और व्यापक अध्ययन तथा श्रमपूर्वक किए प्रयासों से इस कृति को लेखक ने पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया है। यह कृति 'लोकसाहित्य : समाज और लोकसंस्कृति' दो विभागों में विभाजित हैं। पहले विभाग में लोकसाहित्य के सैद्धांतिक पक्ष 'लोकसाहित्य : अर्थ, परिभाषा, स्वरूप तथा व्याप्ति' पर विस्तार से विवेचन प्रस्तुत करते हुए तथ्यात्मक मान्यताएँ दी है। दूसरे विभाग में लोकसाहित्य के महत्त्वपूर्ण पक्ष 'लोकजीवन और लोकसंस्कृति' पर प्रकाश डाला है। इस विभाग में लोकसाहित्य, लोकजीवन तथा लोक-संस्कृति विषयक पहलुओं को व्यापक धरातल पर अभिव्यक्ति देते हुए लोकसाहित्य के बहुआयामी परिदृश्य को केंद्र में रखकर विवेचन-विश्लेषण किया है। इसमें लेखक ने निष्कर्षों के साथ-साथ उपलब्धियों की ओर भी सूक्ष्म दृष्टि केंद्रित की है, यह पक्ष लेखक की विषयगत संवेदना तथा प्रतिबद्धता का परिचायक है। गौरतलब है कि लेखक ने इस कृति में सूफी कवि जायसी तथा कृष्ण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि सूरदास की

Scanned with OKEN Scanner

लोकविषयक संवेदना को भी रेखांकित किया है। ग्रंथ का सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्ष एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करता है। ग्रंथ में प्रस्तुत मान्यताएँ तथा तथ्यों से लेखक की सूक्ष्म धरातलीय दृष्टि मुखरित होती है।

उम्मीद है, संदर्भ ग्रंथ के रूप में प्रस्तुत कृति का हिंदी जगत् में लोकसाहित्य के विभिन्न भाषा-भाषी अध्येताओं, शोधकर्ताओं तथा अध्यापकों से स्वागत होगा। यह ग्रंथ उनके लिए महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा। निश्चित ही लोकसाहित्य एवं लोकसंस्कृति विषयक अध्ययन की कड़ी को गतिशील तथा समृद्ध बनाने में डॉ. पंडित बन्ने के अथक परिश्रम एवं प्रयासों की मैं सहर्ष प्रशंसा करता हूँ। उन्हें अनेकानेक शुभेच्छाएँ देते हुए उनसे मौलिक एवं आलोचनात्मक साहित्य सृजन की कामना करता हूँ।

–डॉ. भाऊसाहेब नवले
कोल्हार-अहमदनगर (महाराष्ट्र)

भूमिका

लोकसाहित्य लोकजीवन का जीता-जागता प्रतिबिंब है। लोकजीवन की स्वच्छंद उमंगपूर्व, उल्लास युक्त अनुभूतियों की सरस, मधुर एवं स्वाभाविक झाँकिया इसमें प्रस्तुत होती है। लोकसाहित्य का क्षेत्र बहुत विस्तीर्ण एवं व्यापक रहा है। लोकसाहित्य का सामाजिक, ऐतिहासिक, मनोवैज्ञानिक, भौगोलिक, राष्ट्रीय, नैतिक, भाषावैज्ञानिक, आर्थिक, धार्मिक आदि अनेक दृष्टियों से महत्व रहा है। सूरज, चाँद, चूल्हा, मिट्टी, नदी, तालाब, पेड़, पर्वत, देवी-देवता की पूजा विधि, मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक के अवसरों पर गीत गाएँ जाते हैं। परंपराएँ, व्रत, त्यौहार, यज्ञ, अनुष्ठान, सुख-दु:ख विविध संस्कारों के समय- सामूहिक रूप में स्त्रियाँ लोकगीतों का गायन करती है।

सहज स्वाभाविक अज्ञान रचनाकार, लोकसंस्कृति का स्वाभाविक यथार्थ चित्रण, लोकमंगल की भावना, मौखिक परंपरा आदि अनेक विशेषताओं के कारण लोकसाहित्य के अध्ययन के प्रति आकर्षण बना हुआ है। भारतीय संस्कृति एवं लोकसाहित्य के बीच गहरा संबंध है। लोककथाएँ, लोकगीत एवं लोकनाट्य में अभिव्यक्त संदेश हमारे आज के जीवन पर भी पूरी तरह से लागू होते हैं। लोकसाहित्य परंपरा-पोषक और संस्कृति-संवाहक होता है। लोक-साहित्य हमारी संस्कृति के मूल्यवान दस्तावेज है। आज हिंदी साहित्य में जितने भी विमर्श हो लेकिन उनकी जड़े लोकसाहित्य में दिखाई देती है। आदिवासी, स्त्री, दलित, बाल विमर्श के संबंध में लोकसाहित्य बहुत पहले ही जागरुक रहा है। सामान्य जन के प्रत्येक हाव-भाव, उसका गाना, रोना, हँसना, खेलना-कूदना सभी लोकसाहित्य की परिधि में आते हैं। भारतीय संस्कृति में संस्कारों का बाहुल्य है, अत: जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कारों के अवसर पर गीत गाने की प्रथा प्रचलित है। ये सब गीत लोकसाहित्य के अंतर्गत आते हैं।

Scanned with OKEN Scanner



आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा और दिशा

संपादक

लक्ष्मीकान्त चंदेला

टीकमणि पटवारी

सागर भनोत्रा


आधुनिक भारतीय समाज
में
वृद्धजनों की दशा और दिशा
संपादक
लक्ष्मीकान्त चंदेला
टीकमणि पटवारी
सागर भनोत्रा

जे.टी.एस. पब्लिकेशन्स, दिल्ली

वैधानिक चेतावनी

पुस्तक के किसी भी अंश के प्रकाशन- फोटोकॉपी, इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में उपयोग के लिए लेखक/ संपादक/ प्रकाशक की लिखित अनुमति आवश्यक है। पुस्तक में प्रकाशित शोध-पत्रों में निहित विचार तथा संदर्भों का संपूर्ण दायित्व स्वयं लेखकों का है, संपादक/ प्रकाशक इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

आधुनिक भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा और दिशा

संपादक

लक्ष्मीकान्त चंदेला
टीकमणि पटवारी
सागर भनोत्रा

© सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण : २०१९



ISBN 978-93-88522-41-0

प्रकाशक

जे०टी०एस० पब्लिकेशन्स

वी-५०८, गली नं०१७, विजय पार्क, दिल्ली-११००५३

दूरभाष : ०८५२७ ४६०२५२, ०११-२२९११२२३

E-Mail : jtspublications@gmail.com

मूल्य : ५००.०० रूपये

आवरण : प्रतिभा शर्मा, दिल्ली

मुद्रक : तरूण ऑफसेट प्रिंटर्स, दिल्ली

अंत में यही कि बुढ़ापा अगर दे भी तो देने से पहले ही उठा ले। लोक में इसीलिए यह कहावत बहुमान्य रूप से प्रचलित हुई कि 'भगवान किसी को बुढ़ापा देने से पहले ही उठा ले।

आज के समय में 'अन्यान्य' विमर्श पर्याप्त रूप से हो रहे हैं परन्तु मुखर रूप से वृद्धजनों पर विमर्श कम ही हुए हैं। यह पुस्तक एवं इसमें संग्रहित अधिकारी विद्वानों के लेख वृद्ध–जीवन में आस बंधाने का प्रणम्य प्रयास है।

यदि यह पुस्तक बुजुर्गो–वृद्धजनों को आंशिक ही सही अनुकूल जीवन दिला पाने में समर्थ हुई तथा पाठकों–शोधार्थियों को अपने कर्तव्य सूत्र–संकेत मिल सके तो संपादकीय प्रयास सार्थक होगा।

निश्चित ही संपादित पुस्तक में त्रुटि/कमी होना हमारी–संपादकीय सीमा है किन्तु चिंतकों–विद्वानों ने अपनी प्रखर चेतनापूरित आलेख उपलब्ध कराये, उन्हें हजार माथे से नमन करते हैं।

–लक्ष्मीकान्त चंदेला

महाशिवरात्रि
05/03/2019

टीकमणि पटवारी
सागर भानोत्रा

अनुक्रमणिका

कवितांचित्र : रोहित रूसिया ५
संपादकीय... : लक्ष्मीकान्त चंदेला ७

खण्ड (अ)

१. आधुनिक संदर्भ में वृद्धों की सामाजिक समस्याएँ ११
दिनेश भट्ट १६
२. वृद्धजन और मनोविज्ञान
गोवर्धन यादव २२
३. साहित्य और वृद्ध विमर्श
बीर पाल सिंह यादव ३३
४. हिंदी कहानियों में वृद्ध जीवन
प्रीति सागर ४२
५. साहित्य में वृद्धजन : दशा एवं दिशा
डॉ. शोभा सिन्हा
६. वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम २००७ : ४५
एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
डॉ. राजेंद्र कुमार मिश्रा
७. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 'वृद्धजन' विमर्श ५६
डॉ. भाऊसाहेब नवनाथ नवले
८. वृद्धजन जीवन ६५
डॉ. रमेश कुमार गोहे
९. वृद्धावस्था एवं मनोवैज्ञानिक समस्याएँ ७४
डॉ. कामना वर्मा
१०. हिन्दी कथा साहित्य में वृद्धजन ८६
डॉ. चमन लाल शर्मा
११. वृद्धजन और हमारा समाज ९२
डॉ. रामनाथ झारिया
१२. समय सरगम का जीवन यथार्थ १००
डॉ. निर्मल चक्रधर
१३. जाओ, बुड्ढा–डुकरा हो जाओ ... १०५
अवधेश तिवारी
१४. वृद्धाश्रम वरदान या अभिशाप १०८
श्रीमती हर्षलता उइके

7

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 'वृद्धजन' विमर्श

डॉ. भाऊसाहेब नवनाथ नवले
उपप्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
प्रवरा ग्रामीण शिक्षण संस्था का. कला, विज्ञान एवं
वाणिज्य महाविद्यालय, कोल्हार
तहसील–राहाता, जिला–अहमदनगर पिन–413710,

सारांश :
वर्तमान में वृद्धजन विमर्श चिंता की अपेक्षा चिंतन के लिए बाध्य करता है। गौरतलब है कि प्रेमचंद से लेकर आज तक के हिंदी साहित्य में इस विमर्श की दृष्टि से रचनाकारों की प्रतिबद्धता दृष्टिगत होती है। हिंदी साहित्य की कहानी, उपन्यास तथा काव्य में प्रस्तुत विमर्श पर काफी बहस परिलक्षित होती है। फिर भी आज के परिवेश के अनुरूप यह विमर्श व्यापक धरातल की माँग करते हुए उसके चरितार्थ की अपेक्षा रखता है। विवेचित कवि आज के प्रातिनिधिक कवि के रूप में लिए गए है। बुजुर्गों तथा वृद्धजनों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है जो नई तथा युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक एवं पथदर्शक रहा है। भारतीय युवाओं को पाश्चात्य अंधानुकरण से प्रभावित होने की अपेक्षा भारतीय संस्कृतिगत विरासत से भली–भाँति परिचित होना आवश्यक प्रतीत होता है।

विषय संकेत : वृद्धजन, बुजुर्ग, विमर्श, अंधानुकरण, प्रेरणास्रोत, दबाव, आधुनिकता, पीढ़ी, अपनापन, कैरियर

शोध विस्तार :
21 वीं सदी विमर्शकेंद्री सदी के रूप में सर्वपरिचित है। इसी सदी में स्त्री–विमर्श, बाल विमर्श, किसान विमर्श, दलित विमर्श, किन्नर विमर्श, आदिवासी विमर्श तथा युवा विमर्श आदि को व्यापक धरातल पर अभिव्यक्ति मिली है। कहना सही होगा कि इसी सदी में 'वृद्धजन' विमर्श ने भी अपनी दस्तक दी हुई परिलक्षित होती है। वास्तव में वद्धजन विमर्श व्यापक पृष्ठभूमि में अध्ययन एवं अनुसंधान की मांग करता है। आधुनिकता के चलते वद्धजन चिंता की अपेक्षा चिंतनीय

परिलक्षित होता है। आधुनिकता एवं भूमंडलीकरण के दौर में रिश्ते–नाते, छोटे–बड़े, युवा–बुजुर्ग आपसी संघर्ष आदि ने आम आदमी को सोचने के लिए मजबूर किया है। दिवस मनाने के सिलसिले में जीवित होते हुए भी बुजुर्गों को दिवस का शिकार बनाने की साजिश रची जा रही है। निश्चित ही इस साजिश के जड़ों तक पहुँचना समय एवं समाज की आवश्यकता बनी हुई है। प्रस्तुत शोधालेख में हमने वृद्धजन विमर्श से संबंधित विभिन्न पहलुओं को केंद्र में रखा है।

वृद्धजनों का वर्तमान परिदृश्य :
परिवार में आज वृद्धावस्था के शिकार जन को लाचारी एवं मजबूरी का जीवन जीना पड़ रहा है। सभी धरातलों पर बुजुर्गों एवं वृद्धजनों की काफी उपेक्षा होती नजर आती है। समाज के वद्धजनों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि जहाँ अपने कहे जानेवाले परिवार के लोग बेटे–बेटियाँ भी अपने माता–पिता को, सास–ससूर को वृद्धाश्रमों की यात्रा के लिए मजबूर करते परिलक्षित होते हैं। कहना न होगा कि आधुनिकता तथा उत्तर आधुनिक सोच एवं मानसिकता ने पारिवारिक मूल्यों के विघटन को काफी हद तक बढ़ावा दिया है। परिवार से होते हुए व्यापक समाज तक वृद्धजनों को तिरस्कार एवं घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। परिवार में जहाँ एक ओर बुजुर्गों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वहाँ व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य अस्पताल, बस अड्डे, बस, बिलों के भुगतान के दौरान तथा बाजार में भी उन्हें दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है।

बुजुर्ग तथा वृद्ध जन इन समस्याओं एवं परेशानियों का शिकार क्यों है ? इस बात पर विचार करना समय की आवश्यकता है। हम इस बात से भली भाँति परिचित है कि एक समय था जब परिवार में बुजुर्गों तथा बड़ों का काफी हद तक आदर एवं सम्मान किया जाता था। घर–परिवार के हर निर्णायक समय में बुजुर्गो एवं वृद्धों से सलाह मशविरा किया जाता था। उनके बगैर कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय नहीं होते थे। कहना न होगा कि वृद्धजनों को सभी जगह पर अन्याय, उपेक्षा, शोषण, शर्मनाक व्यवहार तथा आर्थिक अभावों का पर्याप्त मात्रा में शिकार होना पड़ रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बुजुर्गों की होती उपेक्षा के बारे में गांधीवादी विचारक तथा चिंतक डॉ. रजी अहमद "पुरानी परंपराओं के पतन को जिम्मेदार मानते हैं। ... बेटी एवं बहू में फर्क करने की पारिवारिक व्यवस्था भी इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।"[1] द्रष्टव्य कथन से स्पष्ट होता है कि पुरानी परंपराओं के पतन के कारण तथा बेटा–बेटी में भेदभाव करने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण

बुजुर्गों को इस प्रकार की संकुचित मनोवृत्ति का शिकार होना पड़ रहा है। विचारणीय है कि हम बार–बार दुहाई देते हैं कि पुरानी परंपराओं के चलते राष्ट्र तथा समाज का विकास नहीं होगा। लेकिन यहाँ प्रस्तुत बात गंभीरता से सोचने के लिए मजबूर करती है। डॉ. ऋषभदेव शर्मा बुढ़ापे को एक नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहते हैं" एक ऐसी दृष्टि से जिसमें संवेदना हो और बूढ़ों के लिए आदर व सम्मान हो। जीवन देने की आकांक्षा हो।"[2] स्पष्ट है कि वृद्धजन तथा बुजुर्गों के प्रति नए सिरे से सोचने की आवश्यकता प्रतीत होती है। आम जनों में उनके प्रति सम्मान एवं आदर के साथ संवेदना का स्वर उभरकर आना समय एवं समाज की दृष्टि से आवश्यक है। हमारा दायित्व बनता है कि वृद्धजनों को नया जीवन देने का सामर्थ्य हम सभी में हों। हमारे दिमाग में बुढापा शब्द के कहने पर ही तुरंत बुढ़ापे के शिकार व्यक्तित्व की छवि उपस्थित होती है। सामान्य रूप से हम यह सोचने लगते हैं कि बुढ़ापा अर्थात जो मात्र निकम्मा है, जो किसी काम करने लायक न हो, जो मात्र परिवार के लिए बोझ है, आर्थिक अभावों में भागीदार है, जिसे परिवार से कुछ लेना–देना नहीं है, ऐसे तरह–तरह के विचार घर करते हैं। स्वाभाविक रूप से बुजुर्गों के प्रति हमारे मन में आस्था एवं आत्मीयता की भावना पनपना मुश्किल होता है। वास्तव में बुढ़ापा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत एवं दिशा–निर्देशक होता है।

साहित्य में वृद्धजन विचार :

हिंदी तथा अन्यान्य प्रादेशिक भाषाओं के साहित्य में वृद्धजन को केंद्र में रखकर विचार अवश्य हुआ है। लेकिन साहित्य में चित्रित बुढ़े व्यक्तित्व को न दिशादर्शक के रूप में न आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, बल्कि अधिकतर साहित्य में बुजुर्गों का चित्रण मात्र युवा और बुजुर्ग के आपसी संघर्ष के रूप अभिव्यक्त होता नजर आता है। सही रूप में बुढ़ापे में काफी क्षमता होती है। जिसका जायजा हम महात्मा गांधी जी के नेतृत्व से ले सकते हैं। यह वह व्यक्तित्व था जिसने युवाओं को साथ लेकर अपनी असीम शक्ति का परिचय देते हुए अँग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया था। यदि हम कुछ नया करना चाहते हैं तो उसके सूत्र हमें बुजुर्गों से ही प्राप्त हो सकते हैं। किसी भी रचनात्मक कार्य में बुजुर्ग हमारे लिए पदथर्शक तथा दिशादर्शक के रूप में भूमिका अदा करते हैं। "बूढ़ों या पुराने के अनुभवों से बहुत कुछ श्रेष्ठ, सकारात्मक मूल्यों को आत्मसात करके प्रकट होने व रचनाशीलता ही भविष्य की दीपशिखा प्रज्ज्वलित करने में सक्षम होती है।"[3] द्रष्टव्य कथन से विदित होता है कि नव सृजन का

मुख्य आधार बूढ़े तथा पुराने मूल्य ही होते हैं। बुजुर्ग दीपशिखा के रूप में दायित्व वहन करते हुए दिखाई देते हैं। वृद्धावस्था में बुजुर्ग अक्सर स्वयं पर कोसते नजर आते हैं। अपनी पूरी जिंदगी वे अपने घर, परिवार, बच्चे, नौकरी तथा समाज के लिए काटते अवश्य है, लेकिन जैसे ही वे अपनी सेवा से निवृत्त होते हैं और आय के स्रोत कम होते हैं, तो उनके प्रति परिवारवालों का नजरिया भी बदलता हुआ दिखाई देता हैं। हिंदी साहित्य में वृद्धावस्था केंद्री पहल कम मात्रा में क्यों न हो, दृष्टिगोचर होती है। हिंदी साहित्य की उपन्यास, कहानी तथा कविताओं में बुजुर्गों का चित्रण मिलता है। प्रेमचंद की 'बूढी काकी', उषा प्रियम्वदा की 'वापसी', जैनेंद्रकुमार की 'सुख', मनिषा कुलश्रेष्ठ की ' प्रेतकामना', भीष्म साहनी की 'चीफ की दावत' सुषम बेदी की 'गुनाहगार', अमरीक सिंह दीपक की 'तीर्थाटन', कृष्णा अग्निहोत्री की 'यह क्या जगह है दोस्तों' तथा ममता कालिया के 'दौड़', अनामिका के 'तिनका तिनके पास' आदि उपन्यासों के साथ–साथ काव्य साहित्य में भी पर्याप्त मात्रा में वृद्धावस्था की विवश जिंदगी के जीते बूढ़ों का विवेचन मिलता है। डॉ. रमेश सोनी की 'गाँव पर माँ, निशा माथुर की 'एक दुआ हमारे बुजुर्ग', संजय वर्मा की 'आधुनिक', डॉ. कुमारेंद्र सिंह सेंगर की 'वृद्धावस्था', विलियम बटलर येटस् की ' वृद्धावस्था में झगड़े', डॉ. अवंतिका शेखावत की 'पागल बुढ़िया', प्रभुदयाल श्रीवास्तव की 'वृद्धाश्रम', सुमित प्रताप सिंह की 'घर में बुजुर्ग होने का अर्थ' आदि रचनाओं में भी वृद्धजन विमर्श की पर्याप्त हिमायत मिलती है।

असीम प्रेरणा का स्रोत है बुजुर्ग –

निशा माथुर अपनी रचना 'एक दुआ हमारे बुजुर्ग' में बुजुर्गों के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालती है। बुजुर्ग ही वह सहारा होते हैं जो अपनी दुआओं से नई पीढ़ी के लिए संबल बन जाते हैं। जब भी आज की पीढ़ी भ्रम का शिकार तथा दिशाहीन हो जाती है उस अवसर पर बुजुर्ग ही पथदर्शक के रूप में दायित्व वहन करते दृष्टिगोचर होते हैं।'हमारा जूनून, हमारी ख्वाहिश, ताकत बन जाते हैं, हमारे बुजुर्ग। ... मरते हुए के लिए उस पल आशीर्वाद बन जाते हैं, हमारे बुजुर्ग। दिये की तरह टिमटिमाते जलते हैं।"[4] द्रष्टव्य उद्धरण इस बात की पुष्टि करता है कि जिन बुजुर्गों को आज की पीढ़ी परिवार के लिए मात्र बोझ समझाती है, उन्हें बुजुर्गों के असीम योगदान पर विचार करना होगा। नई पीढ़ी के लिए बुजुर्ग सबसे बड़ी ताकत के रूप में होते हैं। किसी भी प्रकार के संकट के समय बुजुर्ग ही अपने अनुभवों के आधार पर नई पीढ़ी के लिए आधार बन जाते हैं। हम कह सकते हैं कि बुजुर्ग

युवाओं के लिए दीये की तरह स्वयं जलकर दूसरों को सदा के लिए प्रकाश दे देते हैं। इसलिए स्वयं जलकर दूसरों के लिए प्रकाशदायी बननेवाले बुजुर्गों के प्रति भी अपना कुछ दायित्व बन जाता है, इस बात पर विचार करने के लिए कवयित्री बाध्य करती है। 'घर में बुजुर्ग होने का अर्थ' कविता में सुमित प्रताप सिंह ने घर में बुजुर्गों का साया किसी वटवृक्ष से कम नहीं है। घर में बुजुर्गों का होना व्यापक अर्थों में लिया जा सकता है। घर तथा परिवार के लिए बुजुर्ग पाठशाला की भाँति होते है। कवि का कहना है "घर में बुजुर्ग का होने का अर्थ है, जीवन की एक विशेष पाठशाला का होना,.. हमारे परिवार के चारों ओर, एक मजबूत चारदीवारी का होना"[5] स्पष्ट है कि परिवार की दृष्टि से बुजुर्गों का अनन्यसाधारण महत्त्व होता है। वे किसी पाठशाला से कम नहीं होते है। क्योंकि परिवार का हर कोई उनके मार्गदर्शन का जब चाहे लाभ उठा सकता है। परिवार की कड़ी सुरक्षा भी उन्हीं के बूते पर होती है। इसलिए परिवार में बुजुर्गों का होना जरूरी है। जो अपने व्यापक तजुर्बे। से नई पीढ़ी को हर समय लाभान्वित होने का अवसर प्रदान करते है।

आधुनिकता के प्रभाव में दबता बुजुर्ग –

संजय वर्मा 'दृष्टि' अपनी कविता 'आधुनिक' में बुजुर्गों का महत्त्व तथा आधुनिकता के कारण आए बदलाव एवं उसमें दबते बुजुर्गों का लेखा–जोखा प्रस्तुत करते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी और रोजी–रोटी की तलाश में व्यक्ति अपने परिवार की आधारशीला को ही नजरअंदाज करता दिखाई देता है। संजय वर्मा अपनी रचना में कहते हैं– "बूढ़े पग नहीं दबाए जाते अब क्यों, क्या जिंदगी आधुनिक हो गई बूढ़ों को संग ले जाने में शर्म हुई पागल अब क्यों ?...भागदौड़ भरी दुनिया में उनके पास बैठने का समय कहाँ ?"[6] आधुनिकता की चक्काचौंध ने आदमी की आदमियत मानों लापता हुई है। आधुनिकता के छत के नीचे दबी युवा पीढ़ी की जिंदगी अपने ही बुजुर्गों का खयाल रखने में असमर्थ दिखाई देती है। कवि कहता है कभी एक जमाना था, जब घर के बेटे घर के बुजुर्गों के पैर दबाते थे, यहाँ तक कि किसी अवसर पर बूढ़ों को भी अपने साथ ले जाते थे लेकिन आज स्थितियाँ बिल्कुल इसके उल्टी दिखाई देती है। बेटों को अपने माता–पिता के पैर दबाने के लिए समय नहीं है, न ही वह अपने साथ उन्हें ले जाने में गौरव महसूस करता है और न ही वह अपने माता–पिताओं के पास बैठने के लिए समय दे पाता है। आर्थिक अभावों के कारण हों, या आधुनिकता की हवा में बह जाने के कारण क्यों न हो आज की पीढ़ी अपने पारिवारिक दायित्वों से खुले आम विमुख होती जा रही है।

स्वाभाविक रूप से बुजुर्ग आधुनिकता की चक्की के पाटों में पिसता जा रहा है। इसलिए कवि बजुर्गों का आदर तथा सम्मान करने की पुरजोर अपील करता है। आज की पीढ़ी को सोचना होगा कि यदि घर में बुजुर्ग नहीं है तो उनके लिए बच्चों की कहानियों का कोई मतलब नहीं है।

पीढ़ियों के अंतर का शिकार बुजुर्गों की जिंदगी –

डॉ. कुमारेंद्र सिंह सेंगर 'वृद्धावस्था' कविता में बुजुर्गों आत्मविवश जिंदगी को प्रस्तुत किया है। बुजुर्गों को इस बात का एहसास है कि वे स्वयं तो थक चुके ही हैं, जैसी भी हो उम्र काटनी ही है। लेकिन बुजुर्गों को दुःख इस बात का होता है कि जिन बच्चों को उन्होंने अपनी उँगली पकड़कर चलना सिखाया, वही बच्चे आज बड़े होने पर उन्हीं उँगलियों से ठेंगा दिखाते जा रहे हैं। कवि का कहना है "कल तलक जो थाम कर चले थे उँगली हमारी, आज वो ही उँगली दिखा रहे हैं। हमें समझ कर एक बेकार, नाकार वस्तु, किसी कोने में कबाड़खाने में लगा रहे हैं।"[7] कहना सही होगा कि कवि ने अपने ही परिवार से अपेक्षित किंतु उपेक्षित जिंदगी के शिकार वृद्ध की दयनीयता का परिचय दिया है। जिन बच्चों के महत्त्वपूर्ण आधार के रूप में बुजुर्गों ने अपनी भूमिका अदा की, यहाँ तक कि अपने बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए सदा प्रयत्नशील रहें, उन्हें ही आज कबाड़खानें की बेकार वस्तु समझा जाने लगा है। उनका मानना है कि "अब आज के युवाओं को हमारी चाहत नहीं, उन्हें हमारे अनुभवों और तजुर्बों की जरूरत नहीं। वे जीना चाहते हैं, आज की तेज रफ्तार की जिंदगी को।"[8] स्पष्ट है कि आज के युवाओं में बुजुर्गों के प्रति किसी भी प्रकार की चाहत नहीं है। उन्हें बुजुर्गों के समृद्ध अनुभवों की भी आवश्यकता नहीं समझते। वे आधुनिकता की तेज रफ्तारवाली जिंदगी जीना चाहते हैं। बुजुर्गों के उन्हें किसी प्रकार के समझाने पर उन्हें पीढ़ियों के अंतर की दुहाई देने की साजिश करते हैं। कहना सही होगा कि पीढ़ियों के अंतर के नाम पर बुजुर्गों की अभिव्यक्ति को मुखिरित होने नहीं दिया जाता।

अपनेपन को तलाशती बूढ़ों की जिंदगी :

डॉ. अवन्तिका शेखावत ने 'पागल बुढ़िया' शीर्षक कविता में कचरा बीनती पागल बुढ़िया की दर्दभरी वाणी को प्रस्तुत किया है। पागल बुढ़िया भारतवर्ष में कचरा बीनती संपूर्ण बुजुर्ग पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है, जो विवशता की जिंदगी का शिकार है। कवयित्री

युवाओं के लिए दीये की तरह स्वयं जलकर दूसरों को सदा के लिए प्रकाश दे देते हैं। इसलिए स्वयं जलकर दूसरों के लिए प्रकाशदायी बननेवाले बुजुर्गों के प्रति भी अपना कुछ दायित्व बन जाता है, इस बात पर विचार करने के लिए कवयित्री बाध्य करती है। 'घर में बुजुर्ग होने का अर्थ' कविता में सुमित प्रताप सिंह ने घर में बुजुर्गों का साया किसी वटवृक्ष से कम नहीं है। घर में बुजुर्गों का होना व्यापक अर्थों में लिया जा सकता है। घर तथा परिवार के लिए बुजुर्ग पाठशाला की भाँति होते है। कवि का कहना है "घर में बुजुर्ग का होने का अर्थ है, जीवन की एक विशेष पाठशाला का होना,.. हमारे परिवार के चारों ओर, एक मजबूत चारदीवारी का होना"[5] स्पष्ट है कि परिवार की दृष्टि से बुजुर्गों का अनन्यसाधारण महत्त्व होता है। वे किसी पाठशाला से कम नहीं होते है। क्योंकि परिवार का हर कोई उनके मार्गदर्शन का जब चाहे लाभ उठा सकता है। परिवार की कड़ी सुरक्षा भी उन्हीं के बूते पर होती है। इसलिए परिवार में बुजुर्गों का होना जरूरी है। जो अपने व्यापक तजुर्बे। से नई पीढ़ी को हर समय लाभान्वित होने का अवसर प्रदान करते है।

आधुनिकता के प्रभाव में दबता बुजुर्ग –

संजय वर्मा 'दृष्टि' अपनी कविता 'आधुनिक' में बुजुर्गों का महत्त्व तथा आधुनिकता के कारण आए बदलाव एवं उसमें दबते बुजुर्गों का लेखा–जोखा प्रस्तुत करते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी और रोजी–रोटी की तलाश में व्यक्ति अपने परिवार की आधारशीला को ही नजरअंदाज करता दिखाई देता है। संजय वर्मा अपनी रचना में कहते हैं– "बूढ़े पग नहीं दबाए जाते अब क्यों, क्या जिंदगी आधुनिक हो गई बूढ़ों को संग ले जाने में शर्म हुई पागल अब क्यों ?...भागदौड़ भरी दुनिया में उनके पास बैठने का समय कहाँ ?"[6] आधुनिकता की चक्काचौंध ने आदमी की आदमियत मानों लापता हुई है। आधुनिकता के छत के नीचे दबी युवा पीढ़ी की जिंदगी अपने ही बुजुर्गों का खयाल रखने में असमर्थ दिखाई देती है। कवि कहता है कभी एक जमाना था, जब घर के बेटे घर के बुजुर्गों के पैर दबाते थे, यहाँ तक कि किसी अवसर पर बूढ़ों को भी अपने साथ ले जाते थे लेकिन आज स्थितियाँ बिल्कुल इसके उल्टी दिखाई देती है। बेटों को अपने माता–पिता के पैर दबाने के लिए समय नहीं है, न ही वह अपने साथ उन्हें ले जाने में गौरव महसूस करता है और न ही वह अपने माता–पिताओं के पास बैठने के लिए समय दे पाता है। आर्थिक अभावों के कारण हों, या आधुनिकता की हवा में बह जाने के कारण क्यों न हो आज की पीढ़ी अपने पारिवारिक दायित्वों से खुले आम विमुख होती जा रही है।

स्वाभाविक रूप से बुजुर्ग आधुनिकता की चक्की के पाटों में पिसता जा रहा है। इसलिए कवि बजुर्गों का आदर तथा सम्मान करने की पुरजोर अपील करता है। आज की पीढ़ी को सोचना होगा कि यदि घर में बुजुर्ग नहीं है तो उनके लिए बच्चों की कहानियों का कोई मतलब नहीं है।

पीढ़ियों के अंतर का शिकार बुजुर्गों की जिंदगी –

डॉ. कुमारेंद्र सिंह सेंगर 'वृद्धावस्था' कविता में बुजुर्गों आत्मविवश जिंदगी को प्रस्तुत किया है। बुजुर्गों को इस बात का एहसास है कि वे स्वयं तो थक चुके ही हैं, जैसी भी हो उम्र काटनी ही है। लेकिन बुजुर्गों को दुःख इस बात का होता है कि जिन बच्चों को उन्होंने अपनी उँगली पकड़कर चलना सिखाया, वही बच्चे आज बड़े होने पर उन्हीं उँगलियों से ठेंगा दिखाते जा रहे हैं। कवि का कहना है "कल तलक जो थाम कर चले थे उँगली हमारी, आज वो ही उँगली दिखा रहे हैं। हमें समझ कर एक बेकार, नाकार वस्तु, किसी कोने में कबाड़खाने में लगा रहे हैं।"[7] कहना सही होगा कि कवि ने अपने ही परिवार से अपेक्षित किंतु उपेक्षित जिंदगी के शिकार वृद्ध की दयनीयता का परिचय दिया है। जिन बच्चों के महत्त्वपूर्ण आधार के रूप में बुजुर्गों ने अपनी भूमिका अदा की, यहाँ तक कि अपने बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए सदा प्रयत्नशील रहें, उन्हें ही आज कबाड़खानें की बेकार वस्तु समझा जाने लगा है। उनका मानना है कि "अब आज के युवाओं को हमारी चाहत नहीं, उन्हें हमारे अनुभवों और तजुर्बों की जरूरत नहीं। वे जीना चाहते हैं, आज की तेज रफ्तार की जिंदगी को।"[8] स्पष्ट है कि आज के युवाओं में बुजुर्गों के प्रति किसी भी प्रकार की चाहत नहीं है। उन्हें बुजुर्गों के समृद्ध अनुभवों की भी आवश्यकता नहीं समझते। वे आधुनिकता की तेज रफ्तारवाली जिंदगी जीना चाहते हैं। बुजुर्गों के उन्हें किसी प्रकार के समझाने पर उन्हें पीढ़ियों के अंतर की दुहाई देने की साजिश करते हैं। कहना सही होगा कि पीढ़ियों के अंतर के नाम पर बुजुर्गों की अभिव्यक्ति को मुखिरित होने नहीं दिया जाता।

अपनेपन को तलाशती बूढ़ों की जिंदगी :

डॉ. अवन्तिका शेखावत ने 'पागल बुढ़िया' शीर्षक कविता में कचरा बीनती पागल बुढ़िया की दर्दभरी वाणी को प्रस्तुत किया है। पागल बुढ़िया भारतवर्ष में कचरा बीनती संपूर्ण बुजुर्ग पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है, जो विवशता की जिंदगी का शिकार है। कवयित्री

कहती है "हम बदल गये हैं, हमारी रफ्तारें तेज हो गयी हैं, बड़ी खुदमिजाज है, कहती हाथ फैलाये जिंदगी पार नहीं होती, ये लो कोई कहता कमसिन बुढ़िया, कोई कचरेवाली बुढ़िया, हम तथाकथित शिक्षित पीढ़ी की अम्मा कहने की बात नहीं होती।"[9] कहना सही होगा कि आज की पीढ़ी तेज रफ्तार को ही अपनी जिंदगी मान रही है। बुजुर्गों के प्रति अपने कर्तव्य निभाने की अपेक्षा बुढ़ापे की शिकार कचरा बीननेवाली औरतों को ही कोई कमनसीब मानता है, कोई कचरेवाली मानता है। लेकिन आज की शिक्षित समझनेवाली पीढ़ी का कोई भी माई का लाल अम्मा कहने का साहस नहीं जुटा पाता है। पागल बुढ़िया की आँखे कचरे के ढेर में तथा शिक्षित समाज में अपनापन तलाशती हुई अपनी जिंदगी के दिन काटती है। बुढ़िया के सवालों का किसी के भी पास कोई उत्तर नहीं है। कवयित्री निश्चित ही पाठकों को सोचने के लिए बाध्य करती है।

पश्चिमी प्रभाव में वृद्धाश्रम का शिकार :

भारतीय संस्कृति अपने अनूठेपन के कारण दुनिया की आदर्श संस्कृति रही है। भारतवर्ष अपनी संयुक्तिक कुटुंबव्यवस्था के कारण बहुचर्चित रहा है। पश्चिमी देशों में वृद्धाश्रमों में माता–पिताओं का होना आजकल मानों प्रतिष्ठा का ही विषय बना है। पश्चिमी देशों के अंधानुकरण के कारण हम अपनी विरासत को किनारे करते जा रहे हैं। एल्विन टॉफ्लर का कहना है "पश्चिमी देशों में वृद्धों का सम्मान कम है। यहाँ के लोग उन्हें आउट डेटेड मानकर घर से बाहर कर देते हैं। इसलिए यहाँ वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है।"[9] इस कथन से स्पष्ट होता है कि हमने आधुनिकता के सकारात्मक अनुकरण की अपेक्षा अंधानुकरण को अत्यधिक महत्त्व दिया। जिससे हम अपनी संस्कृति को भी किनारे फेंकते जा रहे हैं। प्रभुदयाल श्रीवास्तव 'वृद्धावस्था' शीर्षक रचना में वृद्धाश्रमों में जानेवाले वृद्धजनों की परेशानियों एवं तकलीफों के कारणों की तलाश करते हुए कहते हैं–" दुर्बल–निर्बल जेठे–स्याने, वृद्धाश्रम में रहते क्यों हैं ? दूर हुए क्यों परिवारों से, दुःख तकलीफें सहते क्यों हैं ?... पश्चिम का भारत आना है, पश्चिम ने तो मात–पिता को केवल एक वस्तु माना है।"[10] द्रष्टव्य पंक्तियाँ इस बात की पुष्टि करती है कि भारतीय परिवार पश्चिम की हवा के कारण अपनी सांस्कृतिक जड़ों अर्थात् विरासत से कटते जा रहे हैं। पश्चिम में जहाँ माता–पिता को मात्र वस्तु माना जाता है, जिन्हें पुरानी हो जाने पर बाहर फेंकने की बात की जाती है। उसी पश्चिम का हम अंधानुकरण करते जा रहे है, जो तर्कसंगत नहीं है। पश्चिम से कितना प्रभावित होना है ? इस बात पर विचार करने के लिए कवि मजबूर करता है।

करियर के पीछे दौड़ता बेटा और गाँव पर माँ –

अपने करियर तथा रोजी रोटी की तलाश में भी आज के युवाओं को अपने माता–पिता की ओर ध्यान देने के लिए फुरसत नहीं है। जहाँ एक ओर अपने परिवार के प्रति दायित्व से युवा अवश्य प्रतिबद्ध है। लेकिन अपनी मजबूरी एवं करियर के कारण वह गाँव में रहती अपनी माँ से मिल भी नहीं सकता। डॉ. रमेश सोनी 'गाँव पर माँ' कविता में बेटा अपन घर छोड़कर दूर शहर में चला जाता है। करियर तथा अत्यधिक पाने की लालसा में वह बहुत कुछ खो भी देता है। कवि कहता है "वह तमाम उम्र, बॉस के लिए लिखता रहा चिट्ठियाँ, करता रहा सही। गाँव पर उसकी माँ, तमाम उम्र, अपने बेटे की एक चिट्ठी के लिए तरसती रही।"[12] द्रष्टव्य पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि कवि ने करियर तथा नौकरी के कारण माँ तथा बेटे के टूटते रिश्ते और स्नेह के अभाव में दम तोड़ती माँ की दर्दभरी दास्तान उजागर की है। बेटे को अपने बॉस के सारे काम करने के लिए काफी समय है, लेकिन जन्मदात्री माँ को एक चिट्ठीभर लिखने के लिए उसके पास समय नहीं है। माँ, बेटे की चिट्ठी की प्रतीक्षा के लिए तरसती रहती है। लेकिन एक दिन प्रतीक्षा तथा बेटे की चिट्ठी की आकांक्षा के साथ–साथ गुजर जाती है।

निष्कर्ष –

उपर्युक्त विवेचन–विश्लेषण के पश्चात् कहा जा सकता है कि वृद्धजन विमर्श से संबंधित उक्त पहलू निश्चित ही पाठकों को सोचने के लिए मजबूर करते हैं। वर्तमान में वृद्धजन विमर्श चिंता की अपेक्षा चिंतन के लिए बाध्य करता है। गौरतलब है कि प्रेमचंद से लेकर आज तक के हिंदी साहित्य में इस विमर्श की दृष्टि से रचनाकारों की प्रतिबद्धता दृष्टिगत होती है। हिंदी साहित्य की कहानी, उपन्यास तथा काव्य में प्रस्तुत विमर्श पर काफी बहस परिलक्षित होती है। फिर भी आज के परिवेश के अनुरूप यह विमर्श व्यापक धरातल की माँग करते हुए उसके चरितार्थ की अपेक्षा रखता है। विवेचित कवि आज के प्रातिनिधिक कवि के रूप में लिए गए हैं। बुजुर्गों तथा वृद्धजनों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है जो नई तथा युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक एवं पथदर्शक रहा है। भारतीय युवाओं को पाश्चात्य अंधानुकरण से प्रभावित होने की अपेक्षा भारतीय संस्कृतिगत विरासत से भली–भाँति परिचित होना आवश्यक प्रतीत होता है। युवा पीढ़ी को उनके सम्मान एवं आदर को अपने जीवन के केंद्र में रखना समय की आवश्यकता परिलक्षित होती है।

संदर्भ संकेत :

1. http://m.dw.com/hi/cqtqxksZa
2. शर्मा ऋषभदेव (सं.)– वृद्धावस्था विमर्श, 2016, पृष्ठ–20, परिलेख प्रकाशन, नजीबाबाद
3. http:www.jansatta.com 9 sept. 2018
4. http:www.webdunia.com /hindi-poems/poem-1150 9
5. www.sumitpratapsingh.com/2017/10/blog-post.html hindi.webdunia.com/hindi-poems/poem-116060800034_1.html
6. http://kavita sangrah.blogspot.com/2009/03/blog-post_08.html
7. ogh
9- http://hindipoems.org/tag/

10 http://vimarshmedia.blogspot.com/2011/10/blog-post.html
11.http://hindi.webdunia.com/hindi-poems/senior-citizen-poems-117021000029_html

12. तश्केर (डॉ.) सुभाष (सं.) – काव्यायन, पृष्ठ–72, 2014, जयभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

****

8

वृद्ध जन–जीवन

डॉ. रमेश कुमार गोहे
सहा.प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
गुरु घासीदास वि.वि.बिलासपुर (छ.ग.)

हिन्दी कथा साहित्य में प्रेमचंद का स्थान महत्वपूर्ण है। प्रेमचंद कथा सम्राट हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों से निर्मित मानवीय वृत्तियों को अपनी कथा लेखन का हिस्सा बनाया है। चाहें वे फिर सामाजिक विसंगतियां हो या मानुषिक प्रवृत्तिगत विसंगतियां हो। न्याय, नीति, सदाचार आदि पर बड़ी बारीकी से लिखे साहित्य में लगभग सभी मूल्यों को समाविष्ट किया गया है। वृद्धजन पर नौ से दस कहानी में वृद्धजन विमर्श को जगह दी है। प्रेमचंद के समय में कोई अलग–अलग विमर्श ना होने के बाद भी प्रेमचंद ने समाज के लगभग सभी मूल्यों को समेकित करने वाला साहित्य लिखा जिन्हें आज हम विमर्शो में बांट कर देखते हैं।

अगर वृद्धजन जीवन की दृष्टि से देखा जाये तो प्रेमचंद ने बेटों वाली विधवा, बूढ़ी काकी, अलग्योझा, मां, मंत्र, स्वामिनी, विध्वंस, सुभागी, ईदगाह आदि कहानियां लिखी है। बूढ़ी काकी, सुभागी, ईदगाह, बेटों वाली विधवा आदि कहानियां देश के तमाम पाठ्यक्रमों में पढ़कर ही एक विद्यार्थी आगे बढ़ता है। भारत में कुल परिवार व्यवस्था नगरीय तथा विदेश प्रवास के साथ ही वृद्धजन की देख–रेख , सेवा चाकरी, स्वास्थ्य आदि पर ध्यान देने का समय उनकी संतानों के पास नहीं रह गया है। ग्लोबल गाँव में धरती पर औद्योगिक विकास व्यक्तिगत आर्थिक विकास भी खूब हुआ है पर सामाजिक रूप से सब कुछ छिन्न–भिन्न हो गया है। दो–माँ–बाप चार संतानों में बँट जाते हैं। कभी बहू की झिड़की, तो कभी नाती–पोतों का अलगाव आदि से उनका मन इस से ऊबा जा रहा है। धीरे–धीरे उनके कार्य करने की झमता के साथ, परिवार में अधिकार भी कम होते जा रहा है। उनकी अधिकार और अर्थ सत्ता, निर्णय सत्ता धीरे–धीरे खत्म होकर बेटों में स्थानांतरित होते जा रहे हैं। उषा प्रयंवदा की 'वापसी' इसका सटीक

Impact Factor – 6.261 ISSN – 2348-7143
INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

RESEARCH JOURNEY

INTERNATIONAL E-RESEARCH JOURNAL

PEER REFREED & INDEXED JOURNAL
February - 2019 Special Issue – 115 (A)

India : Yesterday, Today & Tomorrow

भारत : काल, आज आणि उद्या



Guest Editor :
Dr. A. B. Nikumbh
I/C Principal,
S.S.G.M. Science, Gautam Arts &
Sanjivani Commerce College,
Kopargaon, Tal. Kopargaon, Dist. Ahmednagar

Executive Editors of the issue :
Prof. R. S. Zarekar
Prof. G. S. Vidhate
Prof. S. A. Hon
Dr. M. E. Auti

Chief Editor :
Dr. Dhanraj Dhangar (Yeola)

This Journal is indexed in :
- UGC Approved Journal
- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmos Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)
- Indian Citation Index (ICI)
